डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालन्धर
Dr B R AMBEDKAR NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY, JALANDHAR
जी टी रोड बाई पास, जालन्धर – १४४००८, पंजाब (भारत)
G T Road Bye Pass, Jalandhar-144008, Punjab (India)
Central Library – Newspaper Clippings

दैनिक भास्कर
(१३.१०.२०२६)

एन आई टी में नान लीनियर फिनाईट एलिमेंट विश्लेषण कार्यशाला शुरू

एनआईटी में नॉन लिनियर फिनाइट एलिमेंट विश्लेषण कार्यशाला शुरू



जालंधर। डॉ. बी. आर. अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर में सोमवार को एएनआरएफ प्रायोजित एबाकस सॉफ्टवेयर के माध्यम से इंजीनियरिंग एवं बायोमेडिकल अनुप्रयोगों के लिए नॉन लिनियर फिनाइट एलिमेंट विश्लेषण पर पांच दिवसीय व्यावहारिक कार्यशाला शुरू हुई। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यशाला 16 अक्टूबर तक चलेगी। कार्यक्रम का संचालन एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बी. के. कनौजिया के मार्गदर्शन में हो रहा है। शोध एवं परामर्श के डीन प्रो. रोहित मेहरा और यांत्रिक अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष प्रो. टी. श्रीनिवास का भी सहयोग है। कार्यशाला का उद्देश्य सैद्धांतिक समझ और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी कम करना है। प्रतिभागियों को सिमुलेशन मॉडल बनाना, सामग्री गुण व लोडिंग कंडीशन परिभाषित करना, संपर्क व विकृति का विश्लेषण करना और परिणामों की व्याख्या सिखाई जा रही है। विशेषज्ञ प्रतिभागियों के शोध में आने वाली विशिष्ट सिमुलेशन चुनौतियों पर भी मार्गदर्शन देंगे। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम निशुल्क रखा गया है।